भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

**मौखिक प्रश्न सं. *1**

सोमवार, 19 जुलाई, 2021/28 आषाढ़, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**कोविड-19 वैश्विक महामारी का भारतीय पर्यटन उद्योग पर प्रभाव**

*1. **श्री रमेश चन्द्र कौशिकः**

**श्री राजू बिष्ट**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने पर्यटन उद्योग पर कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रभाव का आकलन करने के लिए कोई कार्य-समूह गठित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस कारण राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी नौकरियां चली गईं एवं विदेशी मुद्रा की कितनी हानि हुई;

(ख) कोविड-19 की पहली और दूसरी लहर के दौरान देश में कितने विदेशी पर्यटक आए;

(ग) क्या सरकार को वैश्विक महामारी के उपरान्त पर्यटन क्षेत्र के व्यापक विकास/पुनरुद्धार हेतु नई परियोजनाओं, अधिक मात्रा में धनराशि के आबंटन तथा पर्यटन उद्योग द्वारा लिए गए ऋणों के संबंध में ऋण अधिस्थगन प्रदान किए जाने इत्यादि के लिए हरियाणा, पूर्वोत्तर राज्यों, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, महाराष्ट्र एवं तमिलनाडु सहित विभिन्न राज्यों से प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उन पर क्या कार्रवाई की गई है;

(घ) क्या सरकार ने विदेशी पर्यटकों के लिए कोई टीका प्रमाणन कार्यक्रम बनाने के लिए योजनाएं बनाई हैं, और

(ड.) दार्जिलिंग तथा कलिम्पोंग जिलों सहित विभिन्न राज्यों में मंत्रालय के अंतर्गत पंजीकृत होटलों/घरों में पर्यटकों के ठहरने की व्यवस्था (होमस्टे)/पर्यटक सेवाओं/संगठनों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ड): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

*******

कोविड-19 वैश्विक महामारी का भारतीय पर्यटन उद्योग पर प्रभाव के संबंध में दिनांक 19.07.2021 के लोक सभा मौखिक प्रश्न सं. *1 के भाग (क) से (ड) के उत्तर में **विवरण**

(क): पर्यटन मंत्रालय ने कोविड-19 के प्रकोप से उत्पन्न चुनौती का सामना करने और देश में पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र के पुनरुद्धार के लिए उपयुक्त सिफारिशें करने के लिए, माननीय पर्यटन मंत्री जी की अध्यक्षता में और राज्य के पर्यटन मंत्रियों, संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों के संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारियों और उद्योग संघों के प्रतिनिधियों के साथ एक टास्क फोर्स का गठन किया है।

पर्यटन मंत्रालय ने जनवरी, 2021 में नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) को 'भारत और कोरोना वायरस महामारी: पर्यटन में लगे परिवारों के लिए आर्थिक नुकसान और पुनर्वास हेतु नीतियां' पर अध्ययन करने के लिए नियुक्त किया था। अध्ययन में पाया गया है कि लॉकडाउन लागू होने के बाद पर्यटन क्षेत्र में बड़ी संख्या में नौकरियां चली गईं। 2019-20 की महामारी पूर्व अवधि में अनुमानित 34.8 मिलियन नौकरियों (प्रत्यक्ष रोजगार) की तुलना में, पहली तिमाही के दौरान 5.2 मिलियन, दूसरी तिमाही के दौरान 14.5 मिलियन और तीसरी तिमाही के दौरान 1.8 मिलियन लोगों की नौकरियां छूट जाने का अनुमान है।

2019 में इसी अवधि की तुलना में जनवरी से दिसंबर 2020 के महीनों के दौरान विदेशी मुद्रा आय (एफईई) में प्रतिशत परिवर्तन -76.3% है। मंत्रालय ने पर्यटन उद्योग पर कोविड-19 महामारी के राज्य/संघ शासित क्षेत्र-वार प्रभाव का आकलन करने के लिए कोई औपचारिक अध्ययन नहीं किया है।

(ख): 2020 और 2021 के दौरान विदेशी पर्यटकों का आगमन **अनुबंध I** पर है ।

(ग): तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) राष्ट्रीय मिशन के तहत केंद्रीय वित्तीय सहायता के अनुदान हेतु अनुमोदित परियोजना प्रस्तावों का विवरण और अवसंरचना विकास योजनाओं के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता को **अनुबंध II** में दर्शाया गया है।

राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने ऋण पर स्थगन को आगे बढ़ाने पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का अनुरोध किया है। इस मामले को वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के समक्ष रखा गया है।

(घ): भारत सरकार ने अभी तक विदेशी पर्यटकों के लिए वैक्सीन प्रमाणन के कार्यक्रम की घोषणा नहीं की है।

(ड.): विभिन्न राज्यों में मंत्रालय के साथ पंजीकृत होटलों/होमस्टे का विवरण **अनुबंध III** में दिया गया है। विभिन्न राज्यों में पर्यटक सेवाओं/संगठनों (यात्रा व्यापार सेवा प्रदाता) का विवरण **अनुबंध IV** में दिया गया है ।

आतिथ्य उद्योग का राष्ट्रीय एकीकृत डेटाबेस (निधि) योजना के तहत पर्यटन मंत्रालय के साथ दार्जिलिंग और कलिम्पोंग में पंजीकृत होटलों/होमस्टे/पर्यटन सेवाएं/संगठनों का विवरण निम्न तालिका में दिया गया है :

| क्र. सं. | जिला | होटलों/होमस्टे | पर्यटन सेवाएं/संगठन (टूर ऑपरेटर) |
|---|---|---|---|
| 1. | दार्जिलिंग | 6 | 1 |
| 2. | कलिम्पोंग | 7 | -- |

*****

**अनुबंध – I**

कोविड-19 वैश्विक महामारी का भारतीय पर्यटन उद्योग पर प्रभाव के संबंध में दिनांक 19.07.2021 के लोक सभा मौखिक प्रश्न सं. *1 के भाग (ख) के उत्तर में **विवरण**

**2020 और 2021 के दौरान विदेशी पर्यटकों का आगमन (एफटीए):**

| **क्र. सं.** | **माह** | **2020 के दौरान एफटीए** | **2021 के दौरान एफटीए (अ)** |
|---|---|---|---|
| 1. | जनवरी | 11,19,250 | 83,822 |
| 2. | फरवरी | 10,18,440 | 99,640 |
| 3. | मार्च | 3,28,304 | 1,23,179 |
| 4. | अप्रैल | 2,820 | 69,442 |
| 5. | मई | 3,764 | 13,307 |
| 6. | जून | 8,590 | - |
| 7. | जुलाई | 12,655 | - |
| 8. | अगस्त | 19,761 | - |
| 9. | सितम्बर | 28,167 | - |
| 10. | अक्तूबर | 41,494 | - |
| 11. | नवंबर | 70,977 | - |
| 12. | दिसंबर | 90,544 | - |

स्रोत: आप्रवासन ब्यूरो
अ.: अनंतिम

*****

**<u>अनुबंध – II</u>**

कोविड-19 वैश्विक महामारी का भारतीय पर्यटन उद्योग पर प्रभाव के संबंध में दिनांक 19.07.2021 के लोक सभा मौखिक प्रश्न सं. *1 के भाग (ग) के उत्तर में **विवरण**

**प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाएं**

| क्र. सं. | राज्य | परियोजना का नाम | परियोजना लागत | निर्मुक्त राशि |
|---|---|---|---|---|
| | वर्ष **2020-21** | | | |
| 1 | मेघालय | मेघालय में तीर्थ यात्रा की सुविधाओं का विकास | 29.32 | 6.53 |
| 2 | छत्तीसगढ़ | मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर, राजनंदगांव, डोंगरगढ़, छत्तीसगढ़ का विकास | 43.33 | 12.16 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | परशुराम कुंड, लोहित का विकास | 37.88 | 5.1.21 को प्रशा. स्वीकृति |
| 4 | मध्य प्रदेश | अमरकंटक, मध्य प्रदेश का विकास | 49.99 | 08.01.2021 |
| 5 | सिक्किम | युकसोम, सिक्किम में चार संरक्षक संतों पर तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 33.32 | 9.50 |
| 6 | तेलंगाना | जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर का विकास | 36.73 | 5.14 |
| 7 | त्रिपुरा | त्रिपुरा सुंदरी मंदिर, उदयपुर का विकास | 37.84 | 10.59 |
| | **2021-22** | | | |
| 8 | उत्तराखण्ड | प्रशाद योजना के तहत उत्तराखंड में तीर्थयात्रा बुनियादी सुविधाओं और गंगोत्री और यमुनोत्री धाम का विस्तार | 54.36 | 30.6.21 को प्रशा. स्वीकृति |
| | | | **322.77** | **43.92** |

केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाएं

वर्ष **2020-2021**

| क्र. सं. | राज्य | परियोजना का नाम | परियोजना लागत | निर्मुक्त राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मध्य प्रदेश | बेलताल झील, दमोह में पर्यटन अवसंरचना | 2316.30 | 1008.27 |
| 2. | लेह और लद्दाख | लेह लद्दाख में एसईएल शो और पर्यटक सुविधा केंद्र, कारगिल, लद्दाख में वाटर स्क्रीन प्रोजेक्शन मल्टीमीडिया शो | 2321.99 | 515.99 |
| 3. | दिल्ली | एनजीएमए भवनों की 3डी विजुअल प्रोजेक्शन मैपिंग | 616.72 | 308.13 |
| 4. | मिजोरम | आइजोल, मिजोरम में कन्वेंशन सेंटर और संबद्ध बुनियादी ढांचे का विकास। | 3994.75 | 1570.71 |
| **कुल** | | | **9249.76** | **3403.10** |

*****

**<u>अनुबंध – III</u>**

कोविड-19 वैश्विक महामारी का भारतीय पर्यटन उद्योग पर प्रभाव के संबंध में दिनांक 19.07.2021 के लोक सभा मौखिक प्रश्न सं. *1 के भाग (ड.) के उत्तर में **विवरण**

**आतिथ्य उद्योग के राष्ट्रीय एकीकृत डेटाबेस (निधि) योजना के तहत पंजीकृत होटलों /बी एंड बी/ होमस्टे और अन्य आवास इकाइयों की संख्या :**

| राज्य | कुल |
|---|---|
| अण्डमान और निकोबार | 387 |
| आंध्र प्रदेश | 1615 |
| अरुणाचल प्रदेश | 373 |
| असम | 359 |
| बिहार | 2174 |
| चंडीगढ़ | 116 |
| छत्तीसगढ | 198 |
| दिल्ली | 304 |
| डीएनएच और डीडी | 229 |
| गोवा | 3592 |
| गुजरात | 3849 |
| हरियाणा | 769 |
| हिमाचल प्रदेश | 1982 |
| जम्मू और कश्मीर | 677 |
| झारखंड | 71 |
| कर्नाटक | 559 |
| केरल | 1635 |
| लद्दाख | 218 |
| लक्षद्वीप | 13 |
| मध्य प्रदेश | 1670 |
| महाराष्ट्र | 4153 |
| मणिपुर | 53 |
| मेघालय | 242 |
| मिजोरम | 139 |
| नागालैंड | 44 |
| ओडिशा | 1406 |
| पुदुचेरी | 487 |
| पंजाब | 973 |

| | |
|---|---|
| राजस्थान | 3517 |
| सिक्किम | 1694 |
| तमिलनाडु | 2187 |
| तेलंगाना | 508 |
| त्रिपुरा | 75 |
| उत्तर प्रदेश | 3093 |
| उत्तराखंड | 3428 |
| पश्चिम बंगाल | 204 |
| **कुल** | **42993** |

*****

**<u>अनुबंध IV</u>**

कोविड-19 वैश्विक महामारी का भारतीय पर्यटन उद्योग पर प्रभाव के संबंध में दिनांक 19.07.2021 के लोक सभा मौखिक प्रश्न सं. *1 के भाग (ड.) के उत्तर में **विवरण**

**15.07.2021 के अनुसार अनुमोदित यात्रा व्यापार ऑपरेटरों का संक्षिप्त विवरण**

| राज्य | एडवेंचर टूर ऑपरेटर्स | घरेलू टूर ऑपरेटर्स | इनबाउंड टूर ऑपरेटर्स | पर्यटक परिवहन संचालक | यात्रा एजेंट | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कर्नाटक | 2 | 7 | 7 | 7 | 8 | 31 |
| केरल | 1 | 10 | 21 | 6 | 13 | 51 |
| गोवा | 0 | 1 | 5 | 1 | 2 | 9 |
| गुजरात | 1 | 3 | 0 | 0 | 5 | 9 |
| हिमाचल प्रदेश | 2 | 3 | 2 | 0 | 1 | 8 |
| जम्मू और कश्मीर | 1 | 3 | 4 | 0 | 1 | 9 |
| असम | 1 | 8 | 10 | 0 | 2 | 21 |
| बिहार | 0 | 3 | 4 | 0 | 0 | 7 |
| हरियाणा | 3 | 13 | 51 | 1 | 8 | 76 |
| चंडीगढ़ | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 | 3 |
| नई दिल्ली | 21 | 36 | 254 | 55 | 53 | 419 |
| सिक्किम | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| तमिलनाडु | 2 | 11 | 16 | 12 | 20 | 61 |
| त्रिपुरा | 0 | 2 | 1 | 0 | 0 | 3 |
| उत्तर प्रदेश | 0 | 8 | 28 | 3 | 7 | 46 |
| अंडमान और निकोबार | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| आंध्र प्रदेश | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| मणिपुर | 0 | 0 | 4 | 0 | 1 | 5 |
| ओडिशा | 0 | 3 | 7 | 1 | 1 | 12 |
| पुदुचेरी | 0 | 0 | 2 | 1 | 1 | 4 |
| पंजाब | 0 | 1 | 2 | 1 | 8 | 12 |
| राजस्थान | 1 | 2 | 18 | 3 | 2 | 26 |
| मध्य प्रदेश | 1 | 1 | 1 | 1 | 3 | 7 |
| महाराष्ट्र | 3 | 8 | 22 | 5 | 32 | 70 |
| पश्चिम बंगाल | 8 | 23 | 10 | 6 | 13 | 60 |
| झारखंड | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| उत्तराखंड | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 4 |
| तेलंगाना | 0 | 2 | 0 | 0 | 5 | 7 |
| कुल | 51 | 152 | 470 | 104 | 189 | 966 |

*****